हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 24 अक्टूबर, 2025



चरखी दादरी के गांव कलियाणा में विश्वकर्मा स्टोन क्रेसर मजदूर वेलफेयर एसो. कलियाणा द्वारा विश्वकर्मा दिवस पर हवन व अन्य धार्मिक आयोजन करवाया गया। प्रधान नरेंद्र , बंटी जांगड़ा की अध्यक्षता में समस्त कार्यक्रम किया गया।

## खबर संक्षेप



### शुद्धिकरण समिति ने 200 पौधे बांटे

**भिवानी।** भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति ने दीपावली मिलन उत्सवों को पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनाया। समिति ने स्थानीय रामकुंज में नंदकिशोर अग्रवाल तथा राजपूत धर्मशाला में विधायक घनश्याम सर्राफ द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोहों में अपनी नर्सरी में तैयार 00-100 पौधे वितरित किए। इसका उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

### एक से रजिस्ट्री का कार्य पेपरलेस व ऑनलाइन

**भिवानी।** एक नवंबर से रजिस्ट्री का कार्य पेपरलेस व ऑनलाइन किया जाएगा। ऐसे में रजिस्ट्री करवाने से संबंधित कोई भी व्यक्ति ऑन लाईन स्टांप अभी ना खरीदें। ये जानकारी जीएमआईटी संदीप सीरा ने वीसी के माध्यम से प्रदेशभर के राजस्व अधिकारियों को दी। खरीदे गए स्टांप को 30 अक्टूबर तक प्रयोग में लाएं। इस दौरान तहसीलदार जयबीर सिंह सहित जिला के विभिन्न राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

### स्टेशन चौक पर डंपर की टक्कर से अधेड़ की मौत

**लोहारू।** बुधवार देर रात शहर के रेलवे स्टेशन चौक पर डंपर ने सडक़ किनारे खड़े अधेड़ उम्र के व्यक्ति को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। उसकी पहचान राजस्थान के चूरू जिला निवासी प्रताप के रूप में हुई है। पुत्र की शिकायत पर लोहारू थाना पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक प्रताप मजदूरी के काम से लोहारू आया हुआ था। पुलिस को दी शिकायत में चूरू जिला निवासी सोमबीर ने बताया कि उसके पिता प्रताप किसी मजदूरी के काम से लोहारू पहुंचा था।

### आचार्य तुलसी ने अणुव्रत की संजीवनी दी :साध्वी

**भिवानी।** अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य तुलसी का 112 वा जन्मदिवस, अणुव्रत दिवस के रूप में तेरापंथ भवन में मनाया गया । शासन श्री साध्वी तिलक श्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि 11 वर्ष की अल्पायु में दीक्षा लेकर आचार्य तुलसी ने 22 वर्ष की युवावस्था में आचार्य पद ग्रहण करके तेरा पंथ को नई ऊंचाइयां प्रदान की। आचार्य तुलसी युग पुरुष थे और अपने 82 वर्ष के साधना काल में लगभग 1 लाख किमी की पदयात्राएं करके अणुव्रत व शांति का संदेश दिया।

## गोरक्षा दल भिवानी ने जताया रोष, खोली भिवानी नगर परिषद प्रशासन की पोल

# बेसहारा गोवंश व जानवरों का उचित रखरखाव न करने के खिलाफ धरना

अपनी सारी जिम्मेदारी गोरक्षा दल पर थोपने का नगर परिषद प्रशासन पर लगाया आरोप

एक माह में गोवंश व अन्य जानवरों के पागल होने के आए करीब 20 मामले, नप ने उचित रखरखाव से किया मना, कई की हुई मौत : संजय परमार

- सफाई निरीक्षक ने गोरक्षकों की जायज मांगों को मानते हुए ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी शहर में इन दिनों बढ़ रहे बेसहारा गोवंश व अन्य जानवरों ने भिवानी नगर परिषद प्रशासन की घोर लापरवाही को उजागर कर दिया है। नागरिकों द्वारा गोवंश व अन्य जानवरों के उपचार के लिए जब नगर परिषद प्रशासन को अवगत करवाया जाता है तो या तो नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारी फोन नहीं उठाते और अगर फोन उठा लेते हैं तो अपनी ड्यूटी से पल्ला झाड़ते हुए इस कार्य को गौरक्षा दल भिवानी को अवगत करवाने की बात कह देते है और अगर किसी तरह उन पर दबाव बनाया जाता है तो नगर परिषद के कर्मचारी हां भरने के बावजूद मौके पर नहीं पहुंचते जिसकी वजह से ईलाज के अभाव में बेसहारा गोवंश व अन्य जानवर रोड पर ही दम तोड़ देते है। पिछले एक माह के दौरान शहर में 15 से 20 मामले ऐसे आए है, जहां नगर परिषद की लापरवाही के कारण पागल गोवंश व अन्य जानवरों को अपनी जान रोड पर ही गंवानी पड़ी। इसी के विरोध में गौरक्षा दल भिवानी के सदस्यों ने प्रधान संजय परमार के नेतृत्व में रेबीज से संक्रमित मृत जानवरों को लेकर वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के समक्ष धरना दिया तथा लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



भिवानी। धरने के दौरान अधिकारी के समक्ष अपनी बात रखते संजय परमार। फोटो : हरिभूमि

### मौके पर पहुंचे अधिकारी

इस दौरान जिला परिषद के सीईओ अजय चौपड़ा पहुंचे तथा उन्होंने नगर परिषद के सीईओ गुलजार मलिक से बातचीत की तथा मलिक ने सफाई निरीक्षक विकास देशवाल को धरना स्थल पर भेजा। जिसके बाद सफाई निरीक्षक ने धरनारत गोरक्षकों की सभी जायज मांगों को मानते हुए इस विषय में ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया। गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने बताया कि स्थानीय रूद्रा कॉलोनी में एक घर में पागल कुते के घुसने की सूचना परिवार द्वारा स्थानीय नगर पार्षद को फोन करके दी गई, लेकिन उन्हे जवाब मिला कि यह काम उनका नहीं, बल्कि गौ रक्षा दल का है। बाद में दबाव बनाने पर नगर परिषद के कर्मचारी गए और उस कुत्ते को पकड़कर दूसरे मोहल्ले के अंदर छोड़कर आ गए। यही नहीं बुधवार को सेक्टर-13 में एक बछड़ा व एक गाय पागल होने की सूचना नागरिकों ने डायल-112 व उपायुक्त कैंप ऑफिस के माध्यम से नगर परिषद प्रशासन को दी थी, लेकिन हद की बात यह थी कि सूचना मिलने के बाद भी नगर परिषद से कोई कर्मचारी वहां नहीं पहुंचा।

### 5 लाख रुपये की दी गई ग्रांट

परमार ने बताया कि भिवानी जिला प्रशासन द्वारा नगर परिषद को 5 लाख रूपये की ग्रांट दी गई है, ताकि वे रेबीज संक्रमित जानवरों को रखने के लिए नंदीशाला में अलग से शैड बना सकें, लेकिन नगर परिषद द्वारा अभी तक वो कार्य भी नहीं किया गया। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि चाहे कोई जानवर चोट ग्रस्त हो या फिर पागल हो,यह सारा काम नगर परिषद का है, स्थानीय प्रशासन का है, लेकिन वे सिर्फ अपनी तनख्वाह ले रहे हैं, यह उचित नहीं है। परमार ने साफ तौर पर कहा कि पशुओं को पकड़ने और उनके इलाज की समुचित व्यवस्था करना नगर परिषद का प्राथमिक दायित्व है, जिसके लिए उनके पास अमला और बजट दोनों है। उन्होंने कहा कि वे पहले भी कई बार धरना देकर नप प्रशासन की लापरवाही उजागर कर चुके है, लेकिन उन्हे हर बार आश्वासन देकर टरका दिया जाता है, लेकिन अबकी बार ऐसा नहीं होगा। जब तक प्रशासन बेसहारा गोवंश व अन्य जानवरों की उपचार व सुरक्षा की दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं होगा, वे अपना संघर्ष जारी रखेंगे। मौके पर अनेक गोसेवकन उपस्थित थे।

## सप्लाई में आ रहा गलियों का गंदा पानी

# सीवर समस्या को लेकर वार्ड के लोगों ने किया प्रदर्शन

- शासन और प्रशासन को तीन दिन बाद धरने की चेतावनी दी



भिवानी। गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए।

**भिवानी।** कस्बे के वार्ड सख्या 4,5 व 6 तथा अन्य एरिया में सीवर ओवरफ्लो होने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि सीवर का पानी गलियों में भरा हुआ है और सप्लाई के पानी में भी मिलकर आ रहा है। वहीं वीरवार को समाजसेवी संगठनों व कस्वावासियों ने वार्ड नंबर 4,5,6 की सांझी गली में भरे सीवरेज के गंदे पानी को लेकर हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। वहीं वार्डवासियों ने चेतावनी दी कि उनका समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र प्रदर्शन तथा लम्बा धरने के करने पर मजबूर होंगे। इस दौरान हनुमान शर्मा ,प्रितम, शर्मा, रामौतार शर्मा, लीलमणी शर्मा रमेश शर्मा सुरेश बाल्मिकी जसवंत, संदीप ,विशाल, बिमला बाल्मिकी आदि मौजूद थे।

## उपमंडल अभियंता बोले करवाएंगे समाधान

# बवानीखेड़ा: सीवरेज और सफाई व्यवस्था चरमराई, जताया रोष

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में सीवरेज व्यवस्था व सफाई व्यवस्था चरमाई हुई है। शायद ही शहर का कोई ऐसा वार्ड हो जहां सीवरेज के कारण लोग परेशान न दिखाई देते हों। लेकिन लोग चाहकर भी समस्या का समाधान नहीं करवा पा रहे हैं। हालांकि पब्लिक हेल्थ विभाग के उपमंडल अभियंता ने समस्या का पता लगने पर तुरंत समाधान करवाने की बात कही तो वहीं नपा सचिव संदीप गर्ग ने भी बंद पड़े नालों की सफाई करवाने का आश्वासन दिया। बवानी खेड़ा में मंडी प्रधान सुखबीर भाकर, मुकेश, योगी, प्रेमपाल, विनोद तवंर, सुनील, तेजपाल ने बताया कि वार्ड नं0 01 में पिछले दो माह से सीवरेज की समस्या बनी हुई है। वहीं नगर पालिका कार्यालय के सामने बने गंदे पानी की निकासी का नाला गंदगी से लबालब है। वहीं नपा सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि बंद पड़े नालों को खुलवाया जाएगा ताकि शहर में समस्या न हो।



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा में सीवरेज की समस्या को लेकर एकजुट वार्डवासीगण।

# स्व. ठाकुर बीर सिंह ने राज्य स्तर पर की कान्फेड की स्थापना : विक्रम सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पूर्व मंत्री ठाकुर बीर सिंह की जयंती हर वर्ष भी 26 अक्तूबर को मनाई जाएगी। जयंती कार्यक्रमों की जानकारी देने के उद्देश्य से वीरवार को स्थानीय ठाकुर बीर सिंह मार्ग स्थित दुर्गा पैलेस में पूर्व मंत्री स्व. ठाकुर बीर सिंह के पुत्र भाजपा नेता ठाकुर विक्रम सिंह ने पत्रकार वार्ता आयोजित की। इस दौरान उनके साथ स्व. ठाकुर बीर सिंह के पौत्र कुनाल जीत सिंह व विशालजीत सिंह व समर विजय सिंह भी मौजूद रहे। भाजपा नेता ठाकुर विक्रम सिंह ने बताया कि 26 अक्तूबर को स्थानीय शकुंतला गार्डन में जयंती कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें बतौर मुख्यअतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं रास सांसद अरूण सिंह, अति विशिष्ट भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, हरियाणा प्रदेश प्रभारी सतीश पुनिया तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर केबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, सांसद धर्मबीर सिंह, राजस्थान भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, विधायक घनश्याम सर्राफ, भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में सान्निध्य आरएसएस राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डा. इंद्रेश का रहेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान हवन का आयोजन भी किया जाएगा।



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा नेता ठाकुर विक्रम सिंह।

### पूर्व मंत्री की जयंती को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित

ठाकुर विक्रम ने कहा कि ठाकुर बीर सिंह वर्ष 1977 में कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री बनारसीदास गुप्ता को हराकर जनता पार्टी की टिकट पर भिवानी से विधायक बने थे। उन्होंने कहा कि ठाकुर बीर सिंह जनता पार्टी की सरकार में प्रदेश के वित्त, राजस्व व सहकारिता मंत्री भी रहे। उन्होंने राजस्व मंत्री रहते हुए जमाबंदी की नकल शाखा की बजाए तहसीलदार से बनवाने की नीति बनाई। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते अनाज की दुकानें खुलवाई और राज्य स्तर पर कान्फेड की स्थापना की। 1991 में चौ. भजनलाल ने हरियाणा में बागडौर संभाली तो ठाकुर बीर सिंह को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का चेयरमैन मनोनित किया।

### पिचौपा क्रशर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष विजय बने

**बाढड़ा।** पिचौपा कलां खनन क्षेत्र में संचालित क्रेशर कार्य के लिए संचालकों की बैठक आयोजित कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें विजय पिचौपा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पिचौपा कलां खनन क्षेत्र में संचालित क्रेशर एसोसिएशन पदाधिकारियों की अध्यक्षता में नवगठित कमेटी ने बताया कि सभी क्रेशर मालिकों की बैठक आयोजित कर संगठन का गठन करने व पर्यावरण सरंक्षण का संकल्प लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सत्यवीर स्टोन क्रशर मालिक विजय पिचौपा को अध्यक्ष, अवतार स्टोन संचालक बलजीत, श्रीश्याम क्रशर संचालक नरेश यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रविंद्र कुमार, संदीप कुमार, हरीश सांगवान, को उपाध्यक्ष, विजय पंचगावां को सरंक्षक, देवीसिंह को सह सरंक्षक, अमित फतेहगढ को सचिव, नरेंद्र कुमार को मिडिया प्रभारी, विकास गोलागढ को सहसचिव बनाया। उनके अलावा विजय पिचौपा, अनिल डालावास, नरेंद्र महाशय, अश्विनी, रवि गर्ग, विकास बेनीवाल, कर्मवीर राजेश , राकेश आदि मौजूद रहे।

# पहले विश्व कबड्डी कप में शीलू बल्हारा बने विश्व के बेस्ट कैचर

- शीलू बल्हारा की निरंतर सफलता व पदक खेल के प्रति समर्पण का है प्रमाण : डा. फूल सिंह धनाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बीते दिनों अमेरिका के टरेसी शहर में आयोजित हुए पहले विश्व कबड्डी कप में भारत की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कनाडा की टीम को हराकर विश्व भर में पहला स्थान हासिल किया।

इस ऐतिहासिक जीत में गांव बहुअकबरपुर निवासी प्रतिभाशाली खिलाड़ी शीलू बल्हारा ने अपनी उत्कृष्ट पकड़ क्षमता और फुर्ती से सबका दिल जीत लिया। शीलू बल्हारा को प्रतियोगिता में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए विश्व के बेस्ट कैचर के खिताब से नवाजा गया। विश्व कप विजेता टीम के साथ भारत लौटे शीलू बल्हारा का भिवानी पहुंचने पर दि भिवानी रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा स्थानीय सेक्टर-13 में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान एवं आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्राप्त रामकिशन शर्मा तथा समाजसेवी डा. फूल सिंह धनाना ने शीलू बल्हारा को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



भिवानी। कबड्डी खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सभी ने बधाई दी

डा. फूल सिंह धनाना ने कहा कि शीलू बल्हारा ने पूरे देश का नाम रोशन किया है। विश्व स्तर पर भारत को कबड्डी में प्रथम स्थान दिलाना गर्व की बात है। उनके खेल के प्रति समर्पण, अनुशासन और मेहनत युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों के दौरान शीलू बल्हारा विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। वे अब तक 16 ट्रैक्टर पुरस्कार जीत चुके हैं, जो उनकी निरंतर सफलता और खेल के प्रति समर्पण का प्रमाण है। मौके पर युवा राष्ट्रीय सचिव धीरज सिंह, पूर्व चेयरमैन विजय पंचगांवा, पूर्व जिला पार्षद रेणू बाला, प्रधान दिलबाग सांगवान, प्रधान धर्मबीर नेहरा, राजपाल आईजी, कमल प्रधान, पार्षद सूर्या तंवर, रामदेव तायल, पूर्व पार्षद बलवान, भूपेंद्र कोच, संदीप यादव पार्षद सहित अन्य ने शीलू को बधाई दी।

# नए मीटर को चक्कर काट रही बेटी स्ट्रीट लाइटों में पढ़ने को मजबूर

- खुले दरबार सहित उपायुक्त कार्यालय, बिजली विभाग में लिखित व मौखिक रूप से रख चुकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

सरकार व उसके विभाग चाहे लाख दावे कर ले कि प्रत्येक जरूरतमंद व उसके परिवार के लिए अधिक से अधिक सुविधाए उनके घरों तक पहुंचाई जा रही है लेकिन सच्चाई इससे कोसों दूर नजर आ रही है। पीड़ित महिला काफी समय पहले ही पति को खो चुकी है और इकलौती पुत्री का किसी तरह से पालन पोषण कर रही है उसकी सुनवाई पिछले दो माह से बिजली विभाग करने को तैयार नहीं है। यह हालात तो तब है जबकि पीड़ित व उसकी पुत्री खुले दरबार सहित जिला उपायुक्त कार्यालय, बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों के सामने अपनी पीड़ा का इजहार लिखित व मौखिक रूप से रख चुकी है। इस बारे में वार्ड नंबर 9 लाधाना पाना निवासी महिला व उसकी पुत्री ने बताया कि वो पिछले अनेक दिनों से अधिकारियों के चक्कर काट रही है। उसके पति का निधन करीबन एक साल पहले हो चुका है, उसके पति का निधन के उपरांत उसके परिजनों ने जिस हिस्से में वो मा बेटी रहते है उसकी लाईट को करीबन दो माह पहले काट दिया गया जिससे परेशानियां हो गई है।



दादरी। स्ट्रीट लाइट में अपना होमवर्क करती पीड़िता। फोटो : हरिभूमि

### नियमों का हवाला दे रहे

मां बेटी अपने हिस्से में नया बिजली मीटर लगवाने के संबंधित विभाग के चक्कर काट रही हैं लेकिन नियमों का हवाला देकर उनकी परेशानी दूर नहीं की जा रही है। कभी उन्हें जहां वो रहती है उस जगह के कागजात दिखाने के लिए कहा जाता है कभी उस हिस्से के मालिकाना हक के दस्तावेज को प्रस्तुत करने के लिए कह दिया जाता है।

### अफसर पल्ला झाड़ रहे

स्कूल में दिए गए कार्य को पूर करने के लिए बेटी रात के समय पड़ोस के घरों की दीवार पर लगी स्ट्रीट लाईटों के नीचे बैठ कर पूरा करने व पढ़ने पर मजबूर हो चली है। पीडिता ने बताया कि उपायुक्त कार्यालय, खुले दरबार तथा उच्च अधिकारियों के समक्ष वो क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ पहुंच कर पीड़ा बता चुकी है।

**आस्था** | सोनीपत के रोहट कस्बे में रोहतक रोड़ पर स्थित राधास्वामी आश्रम में हुआ सत्संग

यदि आपका धर्म गया तो समझो आपका कर्म गया, धर्म और कर्म को सत्संग ही सुधारता है

# भैया दूज का पर्व भाई-बहन का प्यार नहीं, बल्कि समृद्ध जड़ों की और ईशारा करता: कंवर साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भैया दूज का त्योहार केवल भाई बहन के प्रेम का प्रतीक भर नहीं है अपितु ये हमारी समृद्ध जड़ो की और इशारा करता है। दुनिया में इंसान अनेक रिश्ते निभाता है लेकिन इन रिश्तों में सबसे ऊंचा और पवित्र रिश्ता भाई बहन का है। हर त्योहार का एक उद्देश्य होता है।

यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने सोनीपत के रोहट कस्बे में रोहतक रोड़ पर स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाए। भैया दूज पर साध संगत को सत्संग देते हुए गुरु महाराज जी ने फरमाया कि हिंदुस्तान की परम्पराए इतनी गहरी हैं यदि इनको पूर्ण निष्ठा के साथ मनाया जाए तो इस समाज से सब कुरीतियां मिट जाएं। आज हम जितना इनसे दूर होते जा रहे हैं समाज में उतने ही कष्ट बढ़ते जा रहे हैं। बहन के घर जाने के लिए यम महाराज ने उस दिन सारे कार्य बंद कर दिए और रूहों के लिए उस दिन नरक के द्वार बंद कर दिए। तभी से इस दिन की प्रथा पड़ी। भैया दूज का त्योहार भाई की लंबी उम्र के लिए बहन की दुआ का त्योहार है।



भिवानी। आयोजित सत्संग में प्रवचन देते संत कंवर साहेब। फोटो : हरिभूमि

### सत्संग देता विचार और ज्ञान

कहते हैं कि ब्रह्मा जी ने इस दिन बहन की दुआ लेने वालों को नरक के द्वार बंद रखने का हुक्म सुनाया। इसके अलावा अनेक लौकिक कथाएं हैं। यदि आपका धर्म गया तो समझो आपका कर्म गया। इस युग में इंसान धर्म और कर्म से हटता जा रहा है। धर्म व कर्म को सत्संग सुधारता है। सत्संग इंसान को विचार और ज्ञान देता है। सतगुरु से मिला सतनाम आपको मुक्ति का मार्ग सुझाता है।

### पहले अपना हृदय पवित्र करो

गुरु महाराज ने फरमाया कि जब मन को एकाग्र कर सारी वृतियों को एक तार में पिरो लेते हैं तब हमारे काम सिद्ध हो जाते हैं। धीरज रखना होगा। धैर्य धार कर संकल्प को पुख्ता करते जाओ तो सकल सृष्टि भी आपकी मदद करती है। पहले हृदय पवित्र करो फिर सत्संग सतनाम सतगुरु की समझ आएगी। धीरे धीरे अपने मन को अभ्यास में लगाओ ताकि हृदय में शुद्धता आए। उन्होंने कहा कि कालिख को साफ किए बिना यदि पात्र में दूध डालोगे तो दूध भी काला ही हो जाएगा इसलिए अशुद्ध हृदय में सद्विचार भी अशुद्ध हो सकते हैं। गुरु महाराज ने कहा कि नाम भक्ति ना केवल आपके वर्तमान को सुधारती है बल्कि ये आपके भूत को भी दुरुस्त करती है और भविष्य को भी संवारती है। कर्मयोगी बनो ताकि आप किसी का बुरा करने की सोचो भी ना।

### भक्ति करनी है तो बुराई छोड़ दो

हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि इस जगत के मोटे बंधन गुरु भक्ति से कटेंगे और झीने बंधनों को नाम भक्ति काटेगी। भक्ति करनी है तो बुराई को छोड़ दो अच्छाई स्वत रह जाएगी। उन्होंने कहा कि मन की वृतियों को एकाग्र करने के लिए आपको समस्त ध्यान एक लक्ष्य एक भाव पर टिकाना होगा। उन्होंने कहा कि पहले योग्य बनो तभी योग्यताओं को सम्भाल पाओगे।वचन सुनो तो गुरु के सुनो। ध्यान करो तो गुरु का करो। नाम जपो तो गुरु का जपो गुरु के बिना कोई नहीं छूट पाया। सद्कर्म करो। औरों के लिए आदर्श स्थापित करो। बड़े बुजुर्ग मां बाप की सेवा करो,आदर सत्कार करो। घरों में प्यार प्रेम रखो। दीन दुखियों की सेवा करो। बच्चो को उत्तम शिक्षा दो।



रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी

# वाओ, इट्स अमेजिंग!

बच्चो, देश-विदेश में एक से बढ़कर एक सुंदर इमारतें बनाई गई हैं। इनमें से कुछ तो देखने में बहुत ही अजब-गजब हैं, वास्तुकला का अद्भुत नमूना हैं। इन्हें देखकर अनायास ही मुंह से निकलता है-वाओ, इट्स अमेजिंग! जानो, ऐसी ही कुछ अनोखी बिल्डिंग्स के बारे में।

### साइबरटेक्चर एग बिल्डिंग भारत

**मुंबई में** स्थित जेम्स लॉ साइबरटेक्चर बिल्डिंग का डिजाइन अपने आप में बहुत अनूठा है। इस इमारत को हॉन्ग-कॉन्ग की एक फर्म ने डिजाइन किया है। 13 मंजिला यह कमर्शियल बिल्डिंग अंडे के आकार की है। इस इमारत को बनाने में कंक्रीट, स्टील और ग्लास का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसके ऑफिस का कैंपस 33,000 स्क्वेयर मीटर में बना हुआ है। तीन अंडरग्राउंड लेवल्स में 400 गाड़ियों के लिए पार्किंग स्पेस भी है। अपनी डिजाइनिंग के लिए ही नहीं, अपने एन्वॉयर्नमेंट फ्रेंडली स्ट्रक्चर के लिए भी यह इमारत प्रसिद्ध है। *

### बिग बास्केट बिल्डिंग अमेरिका

**अमेरिका के** न्यूयॉर्क में एक अनोखी टोकरीनुमा इमारत है, इसे 'बास्केट बिल्डिंग' के नाम से जाना जाता है। इसका निर्माण लॉन्गबर्गर कंपनी ने वर्ष 1997 में किया था। यह बास्केट बिल्डिंग हाथ से बनी मेपल की लकड़ी की टोकरियों के प्रसिद्ध निर्माता लॉन्गबर्गर कंपनी का मुख्यालय रही है। विश्व की सबसे बड़ी बास्केट बिल्डिंग होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी इस बिल्डिंग के नाम है। इस 7 मंजिला इमारत में नेचुरल लाइट के लिए कांच की छत है। इसके ऊपर दो स्टील के हैंडल लगे हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन करीब 75 टन है। टोकरी के बड़े हैंडल सर्दियों में किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए गर्म रखे जाते हैं। इमारत पर दो टैग लगे हैं, जो लॉन्गबर्गर द्वारा बेची जाने वाली हर टोकरी पर लगे लेबल से मिलते-जुलते हैं। *



### बर्ड्स नेस्ट स्टेडियम चीन



**बीजिंग राष्ट्रीय** स्टेडियम, जिसे बर्ड्स नेस्ट यानी 'चिड़िया का घोंसला' के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरी दुनिया में अपनी तरह की एक अनोखी संरचना है। यह चीन के बीजिंग के चाओयांग में ओलंपिक ग्रीन में स्थित एक स्टेडियम है। इस स्टेडियम की क्षमता लगभग 80,000 लोगों की है। यह वर्ष 2008 में बनकर तैयार हुआ था। इस स्टेडियम को खासतौर से 2008 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए डिजाइन किया गया था। *

### गिटार शेप्ड होटल अमेरिका

**अमेरिका के** दक्षिण फ्लोरिडा में स्थित गिटार के आकार का होटल, अपनी तरह का पहला होटल है। अक्टूबर 2019 में इसका निर्माण शुरू हुआ था। यह होटल 35 मंजिला है। यह गिटार होटल दक्षिण फ्लोरिडा में 450 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। दक्षिण फ्लोरिडा के पर्यटन क्षेत्र में इसका अनोखा स्थान है। इसमें 600 से ज्यादा कमरे हैं। रात में इसकी जगमगाती लाइट्स, गिटार के तारों जैसी लगती हैं। *



### बिग पाइनएप्पल ऑस्ट्रेलिया

**बिग पाइनएप्पल,** क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया के सनशाइन कोस्ट क्षेत्र के वूम्बी, नैंबोर कनेक्शन रोड पर स्थित एक आकर्षक दर्शनीय बिल्डिंग है। इसे पेडल थॉर्प और हार्वे, पॉल लफ और गैरी स्मॉलकॉम्ब एंड एसोसिएट्स ने डिजाइन किया था। इसे सनशाइन प्लांटेशन के नाम से भी जाना जाता है। इसको 6 मार्च 2009 को क्वींसलैंड हेरिटेज रजिस्टर में शामिल किया जा चुका है। *



### हाई-हील वेडिंग चर्च ताइवान

**ताइवान के** बुदाई टाउनशिप में यह एक विशाल कांच का चर्च है, जो सिंड्रेला के कांच के जूते के आकार का है। यह हाई-हील वेडिंग चर्च महिला श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से 2016 में बनाया गया था। इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी हाई-हील के आकार की संरचना के रूप में प्रमाणित भी किया गया है। *



### नोंक पर टिका चर्च कनाडा


**कनाडा के** कैलेग्री में यह चर्च स्थित है। यह देखने में उल्टा लगता है। यह एक नोंक पर टिका हुआ चर्च है। कनाडा आने वाले पर्यटकों के लिए यह आकर्षण का केंद्र है। कनाडा के इस अनोखे चर्च का नाम 'डिवाइस टू रूट आउट डेविल' है। इसका मतलब शैतान या बुराई को जड़ से उखाड़ने के यंत्र से है। इसका निर्माण 2019 में हुआ था। *



बच्चो, किसी पहाड़ की ऊंचाई से गिरते हुए पानी को झरना यानी वाटर फॉल कहते हैं। ऊंचे पहाड़ों से जब तेज गति के साथ पानी गिरता है, तो यह दृश्य बहुत ही मनोरम लगता है। हम तुम्हें अपने देश के तीन सबसे ऊंचे झरनों के बारे में बता रहे हैं।

# देश के तीन फेमस हाईएस्ट वाटर फॉल्स

जानकारी
नयनतारा



बच्चो, झरना यानी वाटर फॉल किसी ऊंचाई से नीचे की तरफ गिर रहा पानी का एक नेचुरल फ्लो होता है। आमतौर पर झरना ऊंचे पहाड़, ऊंची चट्टान या चट्टानी ढलान से नीचे की तरफ गिरता है। जब झरने का यह पानी नीचे की तरफ गिरता है, तो बड़ा ही मनोरम लगता है। अपने देश में ऐसे बहुत से सुंदर-प्रसिद्ध झरने हैं, जिसे देखने देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। इनमें से कुछ झरनों की विशेषताओं के बारे में यहां हम तुम्हें बता रहे हैं।

**दूसरा सबसे ऊंचा झरना:** बच्चो, देश का दूसरा सबसे ऊंचा झरना ओडिशा के मयूर भंज जिले के सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। यह बरेहीपानी नाम से जाना जाता है। यह झरना 399 मी. (1,309 फीट) की ऊंचाई से गिरता है। बरेहीपानी झरना देखने के लिए पर्यटकों को कोई परमिशन नहीं लेनी पड़ती। लेकिन चूंकि यह झरना सिमलीपाल नेशनल पार्क में स्थित है, इसलिए नेशनल पार्क में प्रवेश करने के लिए वन विभाग से परमिट लेना जरूरी होता है। यह परमिट पार्क के एंट्री गेट पर मिल जाता है।



**सबसे ऊंचा झरना:** कर्नाटक के शिवमोग्गा (शिमोगा) जिले के अगुंबे वर्षावन में स्थित कुंचिकल झरना भारत का सबसे ऊंचा झरना है। यह झरना 455 मी. (1,493 फीट) ऊंचा है और इससे गिरने वाले जल का मुख्य स्रोत कर्नाटक की वाराही नदी है। बच्चो, यह झरना कुंचिकल हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट क्षेत्र में स्थित है। यह स्थान प्रतिबंधित क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां बिना अनुमति के प्रवेश वर्जित होता है। पर्यटकों को यहां तक जाने के लिए कर्नाटक पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड से अनुमति लेनी पड़ती है।

**तीसरा सबसे ऊंचा झरना:** अपने देश का तीसरा सबसे ऊंचा झरना, पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में चेरापूंजी के पास नोहकलिकई नामक झरना है, जो 340 मी. (1,115 फीट) ऊंचाई से गिरता है। इस झरने के व्यू प्वॉइंट तक जाने के लिए मेघालय पर्यटन विभाग को फिक्स एंट्री-फी देनी होती है। *



कविता / अरुण आदित्य

## खुशी



फूल टहनियों पर खुश रहते
तितली फूलों पर
चिड़ियां पेड़ों पर खुश रहतीं
बच्चे झूलों पर।
चांद आसमां में खुश रहता
मछली पानी में
पानी नदियां में खुश रहता
नदी रवानी में।
फुलवारी से फूल न तोड़ो
तितली को मत पकड़ो
चिड़ियों को आजादी प्यारी
पिंजरे में मत जकड़ो।
चांद पे झूला डाल के झूलो
नदियों को बहने दो
जिसको जहां खुशी मिलती है
उसे वहीं रहने दो।

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## मिथकों से विज्ञान तक



हाल में किशोरों के लिए एक बहुत रोचक-ज्ञानवर्धक किताब आई है-मिथकों से विज्ञान तक। इसके लेखक हैं प्रसिद्ध वैज्ञानिक गौहर रजा। यह किताब तुम्हें कई सवालों के जवाब देगी जैसे कि ब्रह्मांड कैसे बना और समय के साथ उसमें क्या-क्या बदलाव आए? विज्ञान और मिथकों में क्या फर्क है? विज्ञान और धर्म एक-दूसरे के विरोधी हैं या पूरक? इस किताब में दुनिया भर के मिथकों के उदाहरण देकर विज्ञान की कसौटी पर उन्हें परखा गया है। किताब में ऐसे भी उदाहरण दिए गए हैं, जिससे तुमको मनोरंजन और ज्ञान दोनों मिलेगा। अगर तुम्हारी विज्ञान में रुचि है तो इस किताब को जरूर पढ़ना चाहिए। *

**किताब :** मिथकों से विज्ञान तक, **लेखक :** गौहर रजा,
**मूल्य :** 299 रुपए, **प्रकाशक :** पेंगुइन, स्वदेश

## जीके क्विज-176

1. साल 2025 में शांति का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
5. विश्वनाथन आनंद का संबंध किस खेल से है?
6. गाजर में कौन सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
7. श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवोल्यूशन) का संबंध किससे है?
8. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?
9. भारत में सबसे पहले सूर्योदय किस राज्य में दिखता है?
10. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-176 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-175 का उत्तर :** 1.लास्ज्लो क्रास्ज्नाहोरकाई, 2.स्वामी विवेकानंद, 3.कार्तिक, 4. प्रशांत महासागर, 5.गुजरात, 6.स्टेपीज, 7.दयानंद सरस्वती, 8.प्रकाश वर्ष, 9.पेरिस (फ्रांस), 10.बाल गंगाधर तिलक

**जीके क्विज-175 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर, अविनाश-गुना, राखी-दुर्ग

बूढ़े कछुए ने आरसी को बताया कि समुद्र में इंसानों द्वारा फेंका गया प्लास्टिक कचरा समुद्र और समुद्री जीवों के लिए बहुत घातक है। आरसी ने तय किया वह प्रयास करेगा, ऐसा ना हो। क्या आरसी अपने प्रयास में सफल हुआ?

# जल की पुकार





कहानी
कल्पना मनोरमा

'कपड़े के थैले इस्तेमाल करें और प्लास्टिक भूल जाएं, तो समुद्री जीवों की जान बच सकती है, समुद्र जहरीला नहीं, साफ-सुथरा रहेगा।' बूढ़े कछुए ने दूसरे किनारे की ओर पड़े प्लास्टिक कचरे की ओर इशारा किया। आरसी ने देखा- एक छोटी मछली प्लास्टिक के बड़े टुकड़े में उलझकर तड़प रही है। पास ही एक कछुआ बेसुध पड़ा है। आरसी की आंखें भर आईं। उसने धीमे से पूछा, 'क्या इंसान नहीं जानता कि वह कुदरत को बिगाड़ रहा है?'

बूढ़े कछुए ने सिर हिलाया, 'कुछ जानते हैं, कुछ नहीं। लेकिन जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'

आरसी ने गहरी सांस ली और बोला, 'मैं सभी की आवाज बनूंगा। मैं जल की पुकार बनूंगा।'

उस दिन से आरसी ने एक नया खेल खेलना शुरू किया। वह समुद्र किनारे जाकर चिल्लाता, 'सुनो, सुनो! जल कुछ कहता है—प्लास्टिक मत फेंको!'

शुरू-शुरू में बच्चे आरसी की इस गुहार पर हंसते, लेकिन धीरे-धीरे वे अपने खेल का सामान, खाना-पीना थैले में लेकर आने लगे। समुद्र में कुछ नहीं बहाते। समुद्र का किनारा साफ रहने लगा। एक दिन आरसी ने देखा- लहरें मानो ताली बजा रही हैं।

पानी के भीतर से मधुर स्वर गूंज रहा था- 'जल की पुकार सुनो, जीवों की रक्षा करो।'

आरसी ने बूढ़े कछुए को खोजकर अपनी सफलता बताई। बूढ़ा कछुआ मुस्कुराया, 'देखा, आरसी! यही असली बदलाव है। जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'

आरसी उस रात चांद के साथ समुद्र के किनारे बहुत देर तक घूमता रहा। *



कहानी
प्रकाश मनु

धरती पर चमेली के फूल ऐसे ही नहीं खिले, इसके पीछे एक अजीबो-गरीब कहानी है, जो एक भोली-भाली लड़की के अद्भुत साहस की कहानी है।

# खिल उठे चमेली के फूल

एक थी चमेली। बड़ी ही सुंदर और भोली-भाली, लेकिन वह दिलेर भी कम न थी। गांव में जो काम कोई बच्चा नहीं कर पाता, उसे चमेली झट कर दिखाती। उसकी हिम्मत देखकर बच्चे ही नहीं, बड़े भी हैरान होते।

एक दिन, चमेली अपनी सहेलियों से बात कर रही थी। तभी किसी ने कहा, 'अगर इतनी ही होशियार हो तो क्या तुम अक्का बाबा का मोती ला सकती हो?'


'अक्का बाबा का मोती!' चमेली चकराई। अभी तक तो किसी ने यह सोचा भी नहीं था। कहते हैं, सैकड़ों बरस पहले सामने वाले पहाड़ की ऊंची चोटी पर रहते थे अक्का बाबा। उनके पास एक विचित्र मोती था। खूब बड़ा। नीचे धरती से उस मोती को देखने पर एकदम गोल-गोल चांद सरीखा लगता। अक्का बाबा कहा करते थे, 'यह खुशहाली का मोती है, पर इसे धरती पर ले जाना कोई खेल नहीं।'

सचमुच बहुतों ने कोशिश की, पर अक्का बाबा के उस मोती को कोई छू भी नहीं पाया। बड़ी ही कठिन चढ़ाई थी वहां की। पर चमेली ने सुना तो झट से बोली, 'हां-हां, क्यों नहीं?' और उसी समय चमेली ने पहाड़ पर चढ़ना शुरू कर दिया। शाम का समय था। चमेली तेजी से पहाड़ पर चढ़ती जा रही थी। कुछ देर में रात हो गई। सारे कबीले के लोग हैरानी से चमेली को देख रहे थे, जो सीधे खड़े पहाड़ पर बड़ी हिम्मत से चढ़ती जा रही थी।

वह पूनम की चांदनी रात थी। सब ओर चांदनी बिखरी हुई थी। इसलिए दुर्गम पहाड़ पर तेजी से चढ़ती चमेली हर किसी को नजर आ रही थी। सभी उसकी हिम्मत की दाद दे रहे थे। चलते-चलते चमेली आखिर पहाड़ की चोटी पर पहुंची। उसने अक्का बाबा का मोती उठाया और फौरन वापस नीचे की ओर चल दी। ऐसा लगता था, आसमान के चांद की तरह चमेली की हथेली पर भी एक चांद रखा है, जिसे लिए-लिए वह धरती पर आ रही है।

सुबह चमेली धरती पर आई, तो कबीले के लोगों ने हैरानी से देखा कि सांवले रंग की चमेली अब एकदम चांदनी जैसी उजली हो गई थी। पता नहीं, यह पूनम की चांदनी का असर था या फिर उस बड़े से श्वेत मोती का, जो अब चमेली के हाथ में था। पर जैसे ही चमेली ने वह अनोखा मोती अपनी सहेलियों को दिया, उनमें पहले उसे लेने की होड़ लग गई। और फिर न जाने कब वह धरती पर गिरा और टूट कर छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट गया।

तभी एक और चमत्कार हुआ। लोगों ने देखा, चमेली अब अदृश्य हो चुकी थी और जहां वह मोती टूट कर गिरा था, वहां छोटे-छोटे सुंदर, महकते फूल खिल उठे थे। कबीले के लोगों ने उनका नाम रखा, चमेली के फूल। जहां-जहां उस कबीले के लोग गए, वहां-वहां पहुंचे चमेली के फूल और फिर एक दिन सारी धरती पर छा गए। *



## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे लड़कों के दो चित्र दिए गए हैं। इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांच अंतर खोजो।




**उत्तर:** 1. स्ट्राइकर (गोल करने वाला खिलाड़ी) की दोनों आंखें बंद हैं। 2.स्ट्राइकर की जर्सी का नंबर बदला हुआ है। 3.स्ट्राइकर के दाहिने पैर के जूते पर दो धारियां बनी हुई हैं। 4.ऊपर आसमान में बादल के दो टुकड़े दिख रहे हैं। 5.मैदान में आगे कम घास उगी हुई है।

## सही मिलान करो

बच्चो, नीचे बाईं तरफ कुछ चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाई क्रमवार नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से प्रत्येक चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करो।




उत्तर: 1-D, 2-C, 3-A, 4-B

## खबर संक्षेप

### मेडिकल योग वर्कशॉप 28 को

**नारनौल।** आरोग्यम वैलनैस एवं हरियाणा पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय मेडिकल योग वर्कशॉप का आयोजन 28 अक्टूबर को प्रात 10 बजे से एक बजे तक आरोग्यंम वैलनैस सेंटर बस स्टैंड के पीछे किया जाएगा। जिसमें सभी पार्टिसिपेंट्स को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे व सभी प्रतिभागियों को विशेष योग किट, बैग आदि दिए जाएंगे।

### श्रीनामदेव जयंती समारोह हिसार में 26 को

**नारनौल।** श्री नामदेव समाज समिति एवं श्री नामदेव समाज चैरिटेबल ट्रस्ट की एक संयुक्त बैठक का आयोजन बुधवार देर शाम रविदास मार्ग स्थित नामदेव भवन में हुआ। इसकी अध्यक्षता संरक्षक ठेकेदार सुभाष चंद्र वर्मा लखमरा ने की। इस संबंध में ट्रस्ट अध्यक्ष पुष्कर मल वर्मा ने कहा कि 26 अक्टूबर को हिसार के गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम हाल में प्रातः नौ बजे राज्य स्तरीय नामदेव जयंती कार्यक्रम मनाया जाना है।

जिसके मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। उन्होंने कहा कि यह हमारे समाज के लिए गौरव की बात है इसलिए हम सबको अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

### महेंद्रगढ़ अस्पताल में चिकित्सा कैंप आयोजित

**महेंद्रगढ़।** नागरिक अस्पताल में वीरवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कैंप आयोजित किया गया। स्वास्थ्यकर्मी पुष्पा ने बताया कि यह एक सरकारी पहल है। यह कैंप हर महीने की नौ, 10 व 23 और 30 तारीख को लगाया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ स्वास्थ्य में सुधार लाना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक गर्भवती महिला को उसकी दूसरी या तीसरी तिमाही के दौरान कम से कम एक बार जांच मिले तथा इसके लिए उसे सरकारी व निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से सहयोग प्राप्त हो। कैंप में डॉ. ज्योति, डॉ. नेहा व डॉ. खुशी ने 120 गर्भवती महिलाओं की जांच की। जिनमें 98 महिलाओं के अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए लिखा गया।

## स्वास्थ्य मंत्री ने अटेली अनाज मंडी में विकास कार्यों का नारियल फोड़कर किया शुभारम्भ

# आरती राव ने पेंशन और पेयजल किल्लत की समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

### अटेली अनाज मंडी में 3.48 करोड़ से बढ़ेगी ढांचागत सुविधाएंः आरती सिंह राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली




मंडी अटेली। जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनती हुई स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव। व नारियल फोड़कर शुभारम्भ करती स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह ने वीरवार को अटेली में पॉवर हाउस के सामने अपने कार्यालय पर जनता दरबार लगाया। इस मौके पर उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस जनता दरबार में ज्यादातर शिकायतें परिवार पहचान पत्र एवं बुढ़ापा पेंशन से संबंधित आई। अटेली क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों ने पेयजल जैसी समस्याओं को मंत्री के सामने रखा। कार्यालय में विकलांग लोगों को व्हीलचेयर से स्वास्थ्य मंत्री के सामने लाया गया।

- जनता दरबार में आम लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि जनता दरबार उनके लिए जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। यहां आने वाला प्रत्येक नागरिक अपनी समस्या को सीधे उनके सामने रखता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड इस पर लगभग 3.48 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसके विस्तृत अनुमान को प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। इसका उद्देश्य मंडी के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर किसानों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इन विकास कार्य के तहत मंडी के अंदर की मुख्य सड़कें और सर्विस रोड की विशेष मरम्मत की जाएगी। साथ ही मंडी परिसर में बूथों के आसपास पार्किंग क्षेत्रों में इंटरलॉकिंग कंक्रीट ब्लॉक लगाए जाएंगे। इससे वाहनों की पार्किंग और आवाजाही सुगम हो सकेगी। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या को देखते हुए एक विशेष बरसाती पानी की लाइन डाली जाएगी। इसके साथ एक पंप कक्ष और संग्रह टैंक का निर्माण भी किया जाएगा, ताकि पानी की निकासी का उचित प्रबंधन हो सके। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंडी की चारदीवारी की मरम्मत होगी और लोहे के कांटेदार तार की बाड़ लगाई जाएगी। इसके अलावा मंडी में दो नए मुख्य द्वार का भी निर्माण किया जाएगा। सरकार बेहतर बुनियादी ढांचे, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विकास यादव, गोविंद गोस्वामी, दिनेश जेलदार, एडवोकेट बबली यादव, भाजपा नेता इंद्रजीत यादव, जेपी कोटिया, राधेश्याम, विक्रम सरपंच, प्रदीप तिगरा, कृष्ण राजपुरा, पारस, विजय सिंह, संदीप सिंह एडवोकेट, बाबूलाल मालीवाल, छोटेलाल प्रधान, सतवीर सरपंच, मुकेश गनियार, इंद्रजीत सरपंच, हेमंत सिंह, प्रदीप सैनी, मास्टर जसवंत सिंह, मामन सिंह, सलीमपुर की सरपंच आरती यादव, सिंहराज सरपंच व रोहित सिहमा आदि मौजूद रहे।

## समाधान शिविर की शिकायतों का अविलंब हो निवारण : कनिका गोयल



महेंद्रगढ़। समाधान शिविर में शिकायतें सुनती एसडीएम कनिका गोयल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

लघु सचिवालय के कोर्ट रूम में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम कनिका गोयल ने आमजन की समस्याए सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं के आवेदनों को लंबित न रखा जाए और न ही उनके समाधान में कोई देरी की जाए। एसडीएम ने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर आमजन की शिकायतों का निवारण करते हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे समाधान शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और अपनी समस्याओं का निवारण कराएं तथा सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

## आरती सिंह राव ने सड़क हादसे के मृतकों के परिजनों का बंधाया ढांढस

**नांगल चौधरी।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने खातौली अहीर में सरपंच बिक्रम सिंह के घर पहुंचकर उनके बेटे, पोते और समधन के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। संवेदना प्रकट करते हुए आरती राव ने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मृतक युवा रोहित कुमार सामाजिक कार्यों से सरोकार रखते थे, उनके अकस्मात देहांत से समाज की अपूर्णीय क्षति हुई है। बता दें कि गत 16 अक्टूबर को नवजात पोत्र का स्वास्थ्य चेकअप कराने के लिए सरपंच का बेटा रोहित जयपुर गया था। वापसी के दौरान सड़क हादसे में नवजात पोत्र यशवीन (5 माह), पुत्र रोहित कुमार (23 वर्ष) तथा पोत्र की सैदअलीपुर निवासी नानी सुनीता (44) का एक्सीडेंट हो गया था और उनकी मौत हो गई थी। इस दौरान विधायक ओमप्रकाश यादव, भाजपा के पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव, कोरियावास मेडिकल कॉलेज संघर्ष समिति के सदस्य विकास यादव, कैप्टन रामेश्वर दयाल, मास्टर दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।

## गैलेक्सी स्कूल बवानिया में रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। रंगोली बनाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

गैलेक्सी स्कूल बवानिया में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से लेकर नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक प्रतिभा का विकास करना और महत्वपूर्ण सामाजिक संदेशों को बढ़ावा देना था। विद्यालय के चेयरमैन दरियाव सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक प्रतिभा को निखारना है। यह उन्हें अपनी कलात्मक क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती है। प्रधानाचार्य करन सिंह ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता बच्चों में एक साथ मिलकर काम करने की प्रेरणा, समरसता और प्रतिभा को बढ़ावा देती है। यह उन्हें टीम वर्क और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ती है। प्रतियोगिता से बच्चों में अपनी संस्कृति सभ्यता और आचरण की झलक मिलती है तथा एक प्रकार से रंगोली हमारी विरासत है, जो विभिन्न संस्कृतियों को दर्शाती है।

- प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक प्रतिभा का विकास करना

# नवनियुक्त डीजीपी ओपी सिंह को दी बधाई



महेंद्रगढ़। डीजीपी ओपी सिंह को बधाई देते टीम राम गुरुकुल गमन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

प्रदेश के नवनियुक्त डीजीपी ओपी सिंह ने बुधवार को रामलीला परिषद के रंगमंच पर उनके सम्मान में आयोजित बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बधाई दी। बुधवार को रामलीला रंगमंच पर ओपी सिंह के डीजीपी बनने पर टीम राम गुरुकुल गमन व अन्य कलाकारों ने डीजीपी को बधाई देकर मिठाइयां बांटी। बैठक की अध्यक्षता चेतन प्रकाश गौड़ ने की। साथ ही डीजीपी ने टीम राम गुरुकुल को आश्वस्त किया कि आपके बुलाने पर वह महेंद्रगढ़ अवश्य आएंगे। हरियाणा पुलिस के डीजीपी ओपी सिंह के आह्वान पर टीम राम गुरुकुल गमन ने वर्ष 1959 हॉट स्प्रिंग लद्दाख में शहीद हुए 10 बहादुर पुलिस कर्मियों की स्मृति में मौन भी रखा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर याहा निदेशक अनिल कौशिक, चेतन प्रकाश, घीसाराम सैनी, दिनेश दत्त, हनुमान रामलीला कमेटी प्रधान कमल सैनी, सलाहकार कैलाश सैनी, ब्रांड एंबेसडर मुकेश मेहता, विजेंद्र सिंह, प्रवक्ता प्रवीण गौड़, जगराम सैनी, प्रमोद तिवाड़ी, सोहन टैनी, अशोक जांगड़ा, दिनेश मेहता, विकास तिवाड़ी, नीरज तिवाड़ी, महेश तनेजा, हरीश शर्मा, चंद्रमोहन, पुनीत, जितेंद्र, अक्षय, नमन, नैतिक, अतुल लांमडीवाल, दीपेंद्र, रेवीन गौरा, सतीश सैनी, तनिष्क, महेश, विक्की प्रजापत, कमल डागर, बिट्टू सैनी, पंकज, अभिषेक डागर, दीपक गौड़, भवनेश आदि उपस्थित रहे।

## कान्हावास की बेटी नेहा का आरएएस में चयन होने पर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



मंडी अटेली। नेहा यादव का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अटेली रोड स्थित कान्हावास बैरियर में एक एजुकेशन परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान गांव कान्हावास निवासी नेहा यादव पुत्री देवेंद्र यादव का आरएएस परीक्षा में चयन होने पर एकेडमी सदस्यों ने सम्मान किया। संस्था सदस्यों ने नेहा यादव का साफा व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान नेहा यादव के माता–पिता को भी संस्था की तरफ से सम्मानित किया गया। नेहा यादव ने संस्था के सभी छात्र-छात्राओं को मोटिवेट किया व संस्था के स्टॉफ की ओर से दिए सम्मान को लेकर आभार जताया। इस मौके पर एकेडमी निदेशक कृपाल सिंह, जयपुर हॉस्टल के पूर्व वार्डन अरूण यादव, पतंजलि स्टोर कान्हावास के संचालक वीरेन्द्र सिंह, आर्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन महेंद्र सिंह, पवन यादव, महेंद्र यादव, नवीन कुमार, अनूप शर्मा, राजू यादव, मनीष यादव, शेखर यादव, रघुनाथ, योगेश यादव, मनोज यादव आदि मौजूद थे।

## मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** लघु सचिवालय सभागार में वीरवार को आयोजित होने वाले समाधान शिविर में विभिन्न संगठनों के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कनिका गोयल को ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि महेंद्रगढ़ में पहले मंगलवार को अब बीते कुछ समय से हर वीरवार को समाधन शिविर में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित जिले के अन्य आला अधिकारी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनने के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक आते हैं, ताकि क्षेत्र के लोगों को अपनी शिकायतों के लिए मुख्यालय नारनौल के चक्कर न काटने पड़े। क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से बड़ी आशा के साथ लोग इस समाधान शिविर में पहुंचते हैं।

# कनीना अनाज मंडी में किसान कम कीमत पर बाजरा बेचने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



अनाज मंडी में दीपावली के बाद भी बाजरे की आवक जारी है। किसान अब भी बाजारा लेकर मंडी में पहुंच रहे हैं। जिनके गेट पास जारी कर प्राइवेट एजेंट बाजरे की खरीद कर रहे हैं। सरकारी खरीद न होने की वजह से मंडी में करीब 15 एक्टिव प्राइवेट खरीद एजेंट 1850 से 1950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद कर रहे हैं। 23 सितंबर से लेकर 23 अक्टूबर तक 5864 किसानों के 181366 क्विंटल बाजरे के गेट पास जारी किए। जिनमें से 5306 किसानों की ओर से 162137 क्विंटल बाजरा बेचा गया। दूसरी तरफ बाजरा खरीद के लिए प्रारंभिक रूप से नियुक्त की गई एजेंसी हैफेड के अधिकारी फसल बदरंग होने की वजह से बाजरे की सरकारी खरीद नहीं कर रहे हैं। उनकी ओर से रेवाड़ी लैब में बाजरे के सैंपल भेजे जा रहे हैं। जो गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। नई अनाज मंडी में खरीद होने से किसान परेशान हैं। कुछ गावों के किसानों ने पुरानी मंडी में भी बाजरे की खरीद शुरू करने की मांग की है।

- माह भर में 5306 किसानों ने 162137 क्विंटल बाजरा बेचा

#### जारी किए जा रहे गेट पास

मार्केट कमेटी कनीना के सचिव मनोज पाराशर ने बताया कि सरकारी खरीद न होने पर बाजरे की प्राइवेट खरीद की जा रही है। प्राइवेट एजेंसी 1850 से 1950 रुपये प्रति क्विंटल तक खरीद कर रही है। मंडी में आने वाले बाजरे के मंडी सुपरवाइजर की ओर से गेट पास जारी किए जा रहे हैं। किसानों की सुविधा के लिए मंडी में पेयजल व बिजली की समुचित व्यवस्था की गई है।

## सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर 31 को होगी रन फॉर यूनिटी



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राष्ट्रीय एकता के प्रतीक और आधुनिक भारत के निर्माता लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती की तैयारीयों को लेकर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा यह आयोजन आमजन की सक्रिय भागीदारी के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम के ओवरऑल इंचार्ज अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के सीईओ उदय सिंह होंगे। एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव इसके नोडल अधिकारी रहेंगे।

## फसल की सहनशीलता व मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में मददगार होगा

# हकेंवि के वैज्ञानिकों ने विकसित किया सॉयल हेल्थ प्लस जैव उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। कुलपति को शोध कार्य की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

सतत और जैविक कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने सॉयल हेल्थ प्लस नामक एक ऐसे नवीन जैव उत्पाद श्रृंखला का विकास किया है, जिसकी माध्यम से पौधों की वृद्धि को प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बेहतर बनाने व मिट्टी के समग्र स्वास्थ्य में सुधार लाना संभव हो गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि पर शोध दल को बधाई दी और कहा कि ऐसे प्रयास हकेंवि की जैव प्रौद्योगिकी में बढ़ती नेतृत्व क्षमता को दर्शाते हैं और यह विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय खाद्य एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को भी मजबूत करते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व व मार्गदर्शन में विकसित यह उत्पाद स्थायी एवं जैविक कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर जारी पारंपरिक एवं स्वदेशी ज्ञान आधारित अनुसंधान का परिणाम है। विश्वविद्यालय में यह ट्रांसलेशनल रिसर्च बायोरैक पीएसीई अनुदान के अंतर्गत अर्जित 40 लाख रुपये की अनुदान राशि के उपयोग के अंतर्गत की गई है। विश्वविद्यालय में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत यह अनुदान सिलिकेट घुलनशील बैक्टीरिया आधारित पौध वृद्धि संवर्धक जैव उत्पाद का विकास, जिससे पौधों की प्रतिकूल परिस्थितियों में सहनशीलता बढ़ाई जा सके।

#### मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी

इस परियोजना का नेतृत्व जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश देशमुख व डॉ. हुमैरा सोनाह कर रहे हैं। इनके निर्देशन में शोध दल ऐसे जैव उत्पादों की श्रृंखला विकसित कर रहा है, जो सूखा, लवणता जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों से फसलों की रक्षा करें और साथ ही मिट्टी के सूक्ष्म जीव सक्रियता को बढ़ाकर उसकी उर्वरता और संरचना को पुनर्स्थापित करें। इन नवाचारों से मिट्टी की जीवन्तता, फसल उत्पादन क्षमता और टिकाऊ कृषि प्रणाली में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

#### शोध के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा

विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश देशमुख ने बताया कि विश्वविद्यालय में इस रिसर्च कार्य में पवन कुमार, बादल महाकालकर, वैभव यादव, आकाश मौर्य, प्रगति, गीतांजली जोशी, सैंड्रा, दया, मुकेश मेघवाल व डॉ. स्रीजा सुधाकरन जैसे शोधार्थी प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। यह दल प्रयोगात्मक सत्यापन, बड़े पैमाने पर उत्पाद विकास तथा क्षेत्रीय परीक्षणों पर कार्य करेगा, ताकि इसके प्रभाव का वास्तविक मूल्यांकन किया जा सके। यह उपलब्धि हकेंवि के अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो यह दर्शाती है कि विश्वविद्यालय पर्यावरण के अनुकूल, विज्ञान आधारित समाधानों के माध्यम से भारत की कृषि सहनशीलता, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

# राजकीय स्कूलों में आज से होंगी अर्धवार्षिक परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय स्कूलों में अब पढ़ाई का माहौल परीक्षा रंग में रंगने जा रहा है। शिक्षा विभाग की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार अर्धवार्षिक परीक्षाएं 24 अक्तूबर से शुरू होंगी। इसको लेकर विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। जिले के सभी राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में चौथी से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों की परीक्षाएं छह नवंबर तक आयोजित की जाएंगी। प्रश्न पत्र सभी स्कूलों तक पहुंच चुके हैं और परीक्षा केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था भी कर दी गई है। वहीं विद्यार्थी भी परीक्षा की तैयारियों में जुटे हुए है। सभी स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं 6 नवंबर तक पूरी हो जाएंगी। इसके बाद उत्तर पुस्तिकाओं की जांच शुरू होगी और परिणाम नवंबर के दूसरे सप्ताह में जारी किए जाने की संभावना है।

- परीक्षाएं छह नवंबर तक आयोजित की जाएंगी

#### परीक्षा की तैयारियां हुई पूरी



परीक्षाएं इस बार बोर्ड की तर्ज पर पारदर्शी तरीके से करवाई जाएंगी, ताकि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी न हो। परीक्षा के संचालन के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा चुकी है और विद्यार्थियों को निष्पक्ष माहौल में परीक्षा देने का अवसर मिलेगा। सभी स्कूलों में प्रश्न पत्र पहुंच गए हैं और कक्षाओं की तैयारी भी पूरी हो चुकी है। शिक्षक और विद्यार्थी दोनों ही परीक्षाओं को लेकर उत्साहित हैं।

-सुनील दत्त, डीईओ

#### परीक्षा का शेड्यूल

कक्षा चौथी और पांचवीं की परीक्षाएं 24 अक्तूबर को अंग्रेजी, 25 अक्तूबर को हिंदी, 27 अक्तूबर को गणित, 28 अक्तूबर को ईवीएस, कक्षा छठी में 24 को सामाजिक विज्ञान, 25 को गणित, 27 को हिंदी, 28 को अंग्रेजी, 29 को संस्कृत/पंजाबी/उर्दू, 30 को विज्ञान व 31 को विकल्प विषय की परीक्षा होगी।
कक्षा सातवीं में 24 को हिंदी, 25 को विकल्प विषय, 27 को अंग्रेजी, 28 को विज्ञान, 29 को गणित, 30 को संस्कृत/पंजाबी/उर्दू व 31 को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी। कक्षा आठवीं में 24 को विकल्प विषय, 25 को विज्ञान, 27 को गणित, 28 को हिंदी, 29 को अंग्रेजी, 30 को सामाजिक विज्ञान व 31 को संस्कृत/पंजाबी/उर्दू की परीक्षा होगी। कक्षा नौवीं में 24 को सामाजिक विज्ञान, 25 को अंग्रेजी, 27 को गणित, 28 को हिन्दी, 29 को विज्ञान, 30 को पंजाबी/संस्कृत व 31 को एनएसक्यूएफ व म्यूजिक विषय की परीक्षा होगी। कक्षा 10वीं में 24 को विज्ञान, 25 को संस्कृत/पंजाबी, 27 को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी।

## खबर संक्षेप

### शिकायतों का शीघ्र करें समाधानः महेश कुमार

**भिवानी।** एसडीएम महेश कुमार ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर शीघ्र समाधान करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं। ऐसे में अधिकारी समस्याओं का समाधान करने में किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरतें। एसडीएम कुमार वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे।

### मॉडल संस्कृति विद्यालय में जागरूकता शिविर

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर का आयोजन प्राचार्या संतोष भाकर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें 70 लोगों ने भाग लिया जिसमें 30 सामान्य शिक्षक, 10 दिव्यांगजनों के अभिभावक, 5 आंगनवाड़ी वर्कर, 15 एसएमसी सछसय, एवं स्टाफ मौजूद रहे। शिविर में डॉ. सुमन पानू, डॉ. देवेन्द्र वशिष्ट ने बतौर रिसोर्स पर्सन की भूमिका अदा की। हरदीप सिंह का विशेष सहयोग रहा।

### पराली नहीं जलाने के बारे में करेंगे जागरूक

**भिवानी।** पराली नहीं जलाने के प्रति जागरूकता को लेकर कृषि विभाग के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा 24 को फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। डीसी साहिल गुप्ता सुबह 9:30 बजे लघु सचिवालय परिसर से फ्लैग मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। एसडीएम महेश कुमार गांवों में निकाले जाने वाले फ्लैग मार्च का नेतृत्व करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. विनोद कुमार फौगाट ने जानकारी दी।

### इनेलो का प्रदेश के लोगों का बढ़ रहा विश्वास

**चरखी दादरी।** इंडियन नेशनल लोकदल राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में लगातार पूरे प्रदेश में पार्टी व संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य किया जा रहा है। सभी साथी क्षेत्र में पूरी तरह से सक्रिय होकर नए सदस्यों को साथ जोड़ने का अभियान लगातार चलाए हुए है यही वजह है कि इनेलों के साथ लगतार नए लोग जुड़ रहे है । इसी कडी में दादरी जिले में भी प्रभारी विजय पंचगांवा व अन्यों द्वारा उठाए जा रहे कदमों के चलते लगातार क्षेत्र के मौजिज व्यक्ति पार्टी से जुड़ रहे है।

### भाजपा के राष्ट्रीय सचिव का जन्मदिन मनाया

**बाढड़ा।** क्षेत्र के सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाजपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया तथा उनके झज्जर स्थित आवास पहुंच कर बधाई दी। सामाजिक कार्यकर्ता संदीप धनखड़ जगरामबास की अगुवाई में सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कस्बे की गरीब बस्ती में जाकर गरीब परिवारों को फल, मिठाईयां वितरित की। ओमप्रकाश धनखड़ ने सदैव गरीब किसान, मजदूर व युवावर्ग के हितों के लिए काम किया है।

## झोझूकलां,कादमा व रामबास में पावन पर्व पर कार्यक्रम आयोजित

# भाई बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है भैया दूज का पर्व : बहन वसुधा



बाढड़ा। तिलक लगा भैयादूज पर्व मनाते हुए बहन वसुधा ।



भिवानी। पेड़ों को तिलक लगाकर भैया पर पर्यावरण सरक्षंण का संदेश देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

भैया दूज का पर्व भाई बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है, यह उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा-झोझूकलां शाखा के तत्वावधान में झोझूकलां,कादमा व रामबास में भाई दूज के पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। इस दौरान ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाते हुए उनके स्वस्थ जीवन व सुखी भविष्य की कामना की गई। उन्होंने कहा कि हमारा हर एक त्योहार अपने आप में अमूल्य व रिश्तो की मिठास से भरा है। भारतीय संस्कृति की परंपराए व विरासत अपने आप में सृष्टि के अनेक सूत्रों को समाहित करते हुए हमे सिखाती है कि मानवता व आपसी सौहार्द से बढ़कर इस जीवन में कुछ नहीं है। झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि परमात्मा की असीम कृपा भी उसी पर बरसती है जो कि रिश्तो की महता को जानता है, इन्हें निभाने के लिए सच्चे हृदय से तत्पर रहता है। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने रामबास में कहा कि यह पावन पर्व रूहानी स्नेह का प्रतीक सबको आत्मिक स्मृति की याद दिलाता है। पावन सम्बन्ध बहन भाई का, पवित्रता का प्रतीक आत्मिक तिलक लगा कर पावन विचारों में रहने की प्रेरणा देता है। इस दौरान सैकड़ों भाई बहनों ने आत्म स्मृति का तिलक लगवा जीवन में दिव्य गुण धारण कर समाज को मूल्य निष्ठ बनाने का संकल्प लिया।

### पेड़ पौधों को माना भाई, दिया पौधों की दीर्घायु का संदेश

**भिवानी।** छोटी काशी भिवानी में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित सामाजिक संस्था नेता जी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा जारी हमारी परंपरा हमारी संस्कृति व सेव एनवायरमेंट सिस्टर एंड ब्रदर मिशन-2025 अभियान के तहत भाई दूज अनूठे अंदाज में मनाया। अभियान के सूत्र धार समिति अध्यक्ष एवं भारत सरकार से रराष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने अपनी बेटियों को पर्यावरण से जुड़कर भैया दूज का पर्व मनाने की नसीहत दी। जिसके चलते अशोक भारद्वाज की 9 वर्षीय बेटी आरोही और 13 वर्षीय बेटी नव्या ने इस पर्व को अनूठे संदेश के साथ मनाया। दोनों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर भगवान से प्रार्थना की कि हमारे प्राणों के रक्षक पेड़-पौधों व पर्यावरण को सही रखें। साथ में उन्होंने लड्डू गोपाल को भी मोली बांधकर भगवान से देश व दुनिया में शांति व मंगल कामना की प्रार्थना की। साथ ही देश व प्रदेशवासियों से अपील की है कि हमें अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखना और पेड़ पौधों को अधिक से अधिक लगाकर उनका पालन पोषण करना चाहिए। ताकि उनकी दीर्घायु बनी रहे। उन्होंने कहा कि बहन या भाई वास्तव में दीर्घायु भवः का आशीर्वाद चाहते हैं तो ऐसे में हमें पर्यावरण को भी संरक्षण देना चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया हुआ है जिसका उद्देश्य यही है कि हमें अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखना है। देश में सरकार व प्रशासन पर्यावरण संरक्षण को लेकर अथक प्रयास कर रही है। हमें इन अभियानों को देखते हुए प्रेरणा लेकर पर्यावरण को स्वच्छ रखना चाहिए।

### तोशाम में भाई-बहनों ने मनाया भाई दूज का पर्व

**तोशाम।** गुरुवार को कस्बे में भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बहनों ने अपने भाई को तिलक कर उनकी लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहन को विभिन्न उपहार देते हुए सदैव अपनी बहन की रक्षा करने का वचन दिया। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को भाई दूज के पर्व पर कस्बे में तकरीबन घरों में बहन-भाई का प्यार देखते ही बन रहा था। भाई दूज के पर्व पर बहने अपने भाई को तिलक करके मिठाई खिलाती नजर आई तो भाइयों ने भी अपनी बहन को उसकी सदैव रक्षा करने का वचन दिया। इस दौरान भाइयों ने अपनी बहनों को विभिन्न उपहार तथा नगद राशि भेंट की। भाई दूज के पर्व पर जब बहन तथा भाई आपस में एक दूसरे से खुशी-खुशी मिलाप कर रहे थे तो यह लम्हा अद्भुत था और दोनों की खुशी देखने लायक थी। वैसे भी भाई-बहन का पवित्र रिश्ता हिंदू धर्म में विख्यात है क्योंकि भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के बीच दोनों का एक-दूसरे के लिए प्यार अद्भुत है। भाई बहनों का यही आपसी प्यार भाई दूज के पर्व पर गुरुवार को कस्बे के विभिन्न घरों में देखने को मिला जोकी बहुत ही अद्भुत नजारा था। इस दौरान छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग ने अपनी बहनों से तिलक करवाया और उन्हें उपहार तथा नगद राशि भेंट की।



भिवानी। भैया दूज पर भाई को तिलक करती एक बहन।



भिवानी। भैयादूज पर्व मनाते दिव्यांग बच्चे व उपस्थित स्टॉफ सदस्य ।

### दिव्यांग बच्चों ने बनाया भैया दूज महापर्व

**भिवानी।** आस्था स्पेशल स्कूल भिवानी में गुरूवान को भैया दूज का पर्व मनाया गया। संस्था की प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने बताया कि दिव्यांग बेटियों ने अपने दिव्यांग भाइयों के तिलक लगाकर इस उत्सव को मनाया गया और इन बच्चों को इस उत्सव के बारे में विस्तार से बताया कि भैयादूज द्वितीया कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाने वाला हिन्दू धर्म का पर्व है जिसे यम द्वितीया भी कहते हैं। यह दीपावली के दो दिन बाद आने वाला ऐसा पर्व है, जो भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है एवं बहनें अपने भाई की खुशहाली के लिए कामना करती हैं। डॉ तरुण कुलश्रेष्ठ ने बताया कि आस्था स्पेशल स्कूल में हमारी संस्कृति एवं त्योहार की महत्व को प्रायोगिक तौर पर बच्चों से अवगत कराया जाता है । इसी कड़ी में स्कूल के विद्यार्थियों ने भाई बहन का अटूट बंधन निभाया ।

### विद्यार्थियों ने भैया दूज पर्व उत्साह से मनाया



**भिवानी।** हनुमान ढाणी स्थित विवेकानंद हाई स्कूल के "हमारी संस्कृति हमारी परंपरा" सभागार में भैया दूज का पर्व बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन "हमारी संस्कृति है हमारी परंपरा" अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और पारंपरिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की निदेशक सावित्री यादव ने की, जबकि कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज रहे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निदेशक सावित्री यादव व अशोक कुमार भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की तीज-त्योहारों की परंपरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सशक्त बनाती है। भैया दूज जैसे पर्व भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे त्योहार हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं।

### दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में सेवा का संगम

**भिवानी।** भैया दूज के पावन पर्व पर कोट रोड, मिनी बायपास काली माता मंदिर स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में धार्मिक आस्था और पारिवारिक प्रेम का सुंदर संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भाई-बहन के इस पवित्र रिश्ते को और प्रगाढ़ बनाने के लिए विशेष पूजा-अर्चना, हवन, आरती और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी और उनके दीर्घ जीवन तथा सफलता की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर स्नेह और सम्मान का प्रतीक प्रस्तुत किया। मंदिर में बहनों ने अपने भाइयों के नाम से पौधे भी रोपित किए और यह संकल्प लिया कि जैसे वे अपने भाइयों की खुशियों और सुरक्षा की कामना करती हैं, वैसे ही इन पौधों की देखभाल कर पर्यावरण की रक्षा करेंगी। मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सैनी ने कहा कि भैया दूज भाई-बहन के रिश्ते की पवित्रता और भारतीय संस्कृति के गहराई से जुड़े मूल्यों का प्रतीक है।कार्यक्रम में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के सदस्यों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के पंजीकरण में जिला सबसे आगे



चरखी दादरी। योजना की समीक्षा करते उपायुक्त।

- योजना को लेकर गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के साथ शुरू की गई दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के पंजीकरण करने के मामले में जिला सबसे आगे है। पात्र महिलाओं में से लगभग 45 प्रतिशत का पंजीकरण करवाया जा चुका है । योजना की प्रगति को लेकर वीरवार को उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने समीक्षा की और कहा कि वर्तमान गति के साथ ही कार्य को आगे बढ़ाया जाए और एक नवंबर से पहले सभी पात्र महिलाओं का पंजीकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र महिला दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लाभ से वंचित नहीं रहनी चाहिए। योजना के तहत जिला में पहले चरण के लिए 37181 पात्र महिलाएं हैं, जिनमें से 16370 का पंजीकरण किया जा चुका है और बाकी बची पात्र महिलाओं के पंजीकरण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। आगामी एक नवंबर को इन पात्र महिलाओं के खाते में 2100 रूपए की पहली किस्त आएगी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि योजना को लेकर गांव गांव जागरूकता अभियान चलाए जाएं ताकि योग्य व जरूरतमंद पात्र आवेदकों को योजना का लाभ मिल सकें।

## सामाजिक सामंजस्य की मिसाल बन गया जनस्वास्थ्य विभाग का कैंपस

### विभाग के प्रति आमजन के विश्वास को प्रबल बनाते है धार्मिक आयोजन : जेई

- 500 से अधिक लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जन स्वास्थ्य विभाग के कैंपस में वीरवार को गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में अन्नकूट प्रसाद वितरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। बता दे कि इसी साल जनवरी में स्थापित हुए मंदिर के बाद से यह कैंपस अब सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों का केंद्र बन चुका है, जो विभाग और आमजन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रहा है। विभाग के कनिष्ठ अभियंता बिजेश कुमार जावला ने बताया कि जनवरी में मंदिर की स्थापना के बाद से हर सुअवसर पर यहां कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं। चाहे वह होली पर्व पर फूलों की होली हो या श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव। इन आयोजनों ने कैंपस के वातावरण को और अधिक सकारात्मक बना दिया है। अन्नकूट वितरण का यह कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था, और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। जेई बिजेश कुमार जावला ने बताया कि कार्यक्रम में श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता समिति के जिला अध्यक्ष नरेश आहूजा और पतंजलि भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष आत्म प्रकाश टुटेजा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वही आत्म प्रकाश टुटेजा ने इस पहल को बहुत ही नेक कार्य बताया।



भिवानी। अन्न कूट का प्रसाद वितरित करते हुए।

#### यह रहे मौजूद

इस मौके पर जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत, उपमंडल अभियंता एसपी जैन, रवि ग्रेवाल, सेवानिवृत्त उप मंडल अभियंता जयप्रकाश, कपिल श्योराण, पंकज वत्स, महेंद्र सिंह जेई, केके वर्मा, सुरेश शर्मा, मोतीलाल, जयकिशन प्रधान, विजेंद्र परमार, चांदीराम, सुमन रानी, कमलेश, पूनम शर्मा, सोनिया समेत 500 से अधिक भक्तों ने गोवर्धन पूजा की और श्रद्धाभाव से अन्नकूट प्रसाद ग्रहण किया।

## आचार्यों ने राष्ट्रीय कार्यशाला में प्राप्त किया प्रशिक्षण



भिवानी। कार्यशाला में भाग लेने वाले आचार्य के साथ उपस्थित पदाधिकारी

- स्थानीय हलवासिया विद्या विहार के आचार्यों ने बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

स्थानीय हलवासिया विद्या विहार के आचार्यों ने शिक्षण क्षमता निर्माण से संबंधित राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लेकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

विज्ञान विषय की आचार्या एवं माध्यमिक विभाग प्रमुख सुवीरा गर्ग, आचार्या मीनाक्षी अग्रवाल, सिंपल बागला एवं आचार्य मनोज कुमार ने 16 अक्टूबर को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित 'शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण राष्ट्रीय कार्यशाला भारतीय ज्ञान प्रणाली के संप्रेषण एवं प्रसार' में सहभागिता की। यह कार्यशाला सीएसआईआर–नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस कम्युनिकेशन एंड पॉलिसी रिसर्च नई दिल्ली द्वारा भारतीय राष्ट्रीय युवा विज्ञान अकादमी एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागी आचार्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

विद्यालय के प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत, प्राचार्य विमलेश आर्य तथा उप-प्राचार्य दीपक वशिष्ठ ने आचार्यों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।



चरखी दादरी। नारेबाजी कर विरोध जताते कर्मचारी।

### दो घंटे का विरोध प्रदर्शन पूरे दिन में तब्दील

**चरखी दादरी ।** तकनीकि कर्मियों की कमी तथा अन्य पिछले लंबे समय से चली आ रही समस्याअें के विरोध में पिछले दस दिनों से बिजली विभाग व सह विभाग के कर्मियों द्वारा लगातार आवाज बुलंद की जा रही थी, लेकिन उच्च अधिकारियों द्वारा इस पर ध्यान न दिए जाने से रोजाना दो घंटे किए जाने वाला यह विरोध प्रदर्शन गुरूवार को पूरी तरह से काम बंद करते हुए अपना आक्रोश जताया गया। तकनीकि कर्मियों की कमी के बावजूद तबादले करने, चार्जशीट व रोजाना दो घंटे के प्रदर्शन के दौरान कर्मियों को अनुपस्थित दिखाने को लेकर यह रोष जाहिर किया गया। गुरूवार को सांझा संघर्ष की अध्यक्षता अनिल फौगाट , दिनेश सैनी, दलबीर सिंह दहिया (एससी/बीसी यूनियन) ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन संदीप एलडीसी ने की। सभी ने समस्याओं के स्थाई हल को लेकर आवाज उठाई। इस दौरान यूनिट सचिव नौरतन शर्मा,दादरी सब यूनिट प्रधान राकेश कुमार,सब यूनिट प्रधान भूपेश, अटेला प्रधान विजय, बाढ़डा प्रधान अरविन्द छिल्लर,झोझू प्रधान प्रवीण सिंह डिविजन प्रधान परविंद्र मांडी और सांजरवास प्रधान मंजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

### 26 अक्टूबर को तोशाम में होगा खेल महोत्सव

# सांसद खेल महोत्सव से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को मिला नया मंच

सांसद खेल महोत्सव बारे अधिकारियों और आयोजन समिति ने सफल संचालन के लिए की बैठक में मंत्रणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के मार्गदर्शन में सांसद खेल महोत्सव लोकसभा क्षेत्र में भी आयोजित किया जा रहा है। जिसके संदर्भ में गुरुवार को तोशाम में अधिकारीयों और आयोजक समिति के पदाधिकार्यों ने सयुंक्त रूप से खेल स्टेडियम में बैठक की।

उल्लेखनीय है कि 26 अक्टूबर को तोशाम में सांसद खेल महोत्सव आयोजित किये जाएंगे। इसके लिए समाचार लिखे जाने तक 350 खिलाड़ियों ने सांसद खेल महोत्सव पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा लिया है।

इसके लिए ऑफ लाइन आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। प्रथम चरण में विधानसभा खेल आयोजित किए जा रहे हैं, फिर लोकसभा स्तर पर खेलों का आयोजन किया जाएगा। इनमें 11 तरह के खेलों से संबधित प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।



तोशाम। बैठक के दौरान मंच पर उपस्थित आयोजन समिति के पदाधिकारी

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी विधानंद यादव, हरि स्वरुप हैंडबाल कोच, ममता जिम्नास्टिक कोच, मास्टर सुरेश भेरा, जयसिंह कोच बुसान, सुधीर चांदवास चैयरमेन, मास्टर अश्विनी कुमार, मास्टर सुनील सुरा, रोशन यादव, चंद्रभान सरपंच साहलेवाला आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

#### इन प्रतियोगिताओं में दिखाएंगे दमखम

26 अक्टूबर को तोशाम खेल स्टेडियम में विधानसभा स्तर की एथलीट में 100, 200, 400, 800, 1500 मीटर रेस 100 गुना 400 गुना 4 रिले रेस, लंबी तथा ऊंची कूद, शॉट पुट, त्रिकुड, डिस्क्स थ्रो, हैंडबाल, कबड्डी, वालीवाल स्मेसिंग पुरुष व महिला तथा रस्साकसी पुरुष आदि खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के प्रयासों से लोकसभा क्षेत्र में खेल गतिविधियों के लिए सबसे अधिक बजट खर्च होगा। वही इन खेलों को प्रशासन की टीमें व पंच सरपंच अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी दी गई है। इन खेलों में भाग लेने के लिए 29 अगस्त को खेल रत्न मेजर ध्यानचंद जयंती से पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा पोर्टल ओपन किया गया है, जिसमें कोई भी इच्छुक खिलाड़ी व्यक्तिगत या टीम के साथ आनलाईन प्रक्रिया में शामिल होकर रजिस्ट्रेशन करवा सकता है और खेलों में भाग लेने के लिए पात्र होगा। सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत 18 अक्टूबर को सरस्वती स्कूल भोजावास विधानसभा नांगल चौधरी से, 19 अक्टूबर को खेल स्टेडियम, बहल, विधानसभा लोहारू से हो चुकी है।